**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 25 अप्रैल , 2025 :-**

(1) माननीय राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार से आज आदिवासी छात्र संघ, केन्द्रीय समिति, राँची (झारखण्ड) का एक शिष्टमंडल राज भवन में भेंट किया। शिष्टमंडल ने गुमला जिला अंतर्गत प्रस्तावित विश्वविद्यालय एवं छात्रहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से गुमला में निर्माणाधीन विश्वविद्यालय का नाम "पंखराज बाबा कार्तिक उराँव विश्वविद्यालय" रखने का आग्रह किया गया है। इसके अतिरिक्त, शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय से राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति तथा विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव कराए जाने हेतु पहल करने का आग्रह किया।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज आदिवासी भूमिज समाज कल्याण समिति के एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा विधानसभा के बजट सत्र के शून्यकाल में सिल्ली विधायक श्री अमित कुमार द्वारा चुहाड़ विद्रोह के महानायक रघुनाथ महतो के तैलिए चित्र को झारखंड विधानसभा भवन में लगाए जाने के संबंध में उल्लेख करते हुए कहा कि इस निर्णय से भूमिज समाज में व्यापक असंतोष उत्पन्न हो रहा है तथा इससे भूमिज और कुर्मी समाज के मध्य टकराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय से विधानसभा में काल्पनिक रघुनाथ महतो का तैलीय चित्र लगाए जाने के प्रस्ताव को निरस्त करने हेतु आग्रह किया।

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज श्री साईं सेवा ट्रस्ट, गिंजो ठाकुरगांव के एक शिष्टमंडल ने ट्रस्ट के सचिव श्री शिव कुमार तिवारी के नेतृत्व में राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय को साईं मंदिर, गिंजो ठाकुरगांव की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया।

---

(4) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय, जमशेदपुर के कुलाधिपति श्री मदन मोहन सिंह ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय को श्री सिंह ने मई, 2025 में प्रस्तावित विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया।

---